# निविदा विज्ञप्ति का प्रारूप

## कार्यालय, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खण्डवा (म.प्र.)

क्रमांक : 5098/चार–03–01/17 खण्डवा, दिनांक : 13/12/2017

## निविदा–आमंत्रण

जिला न्यायालय, खण्डवा के न्यायालय/विश्राम कक्षों के उपयोगार्थ कुल 36 नग वातानुकूलित संयंत्र (Air Conditioners) क्षमता 1.5 टन एवं 2 टन के मय स्टे्बलाईजर एवं स्टैण्ड सहित संस्थापित किये जाने हेतु क्रय किया जाना है।

उपरोक्त सामग्री विभिन्न प्रतिष्ठित ब्राण्ड के फर्म/संस्थान से म.प्र. भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम–2015 की कंडिका–11.2 के अंतर्गत क्रय की जाना है, जिस हेतु निविदाकर्ता, निर्धारित प्रारूप पर आवेदन–पत्र के साथ माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खण्डवा के नाम से देय राशि रू. 30,000/– का बैंक ड्राफ्ट प्रतिभूति राशि के रूप में संलग्न कर, अंतिम तिथि शनिवार, 06.01.2018 के दोपहर 2.00 बजे तक बंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकता है।

निविदा आवेदन–पत्र का प्रारूप, नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालयीन दिवस/समय में जिला नाजिर, नजारत अनुभाग, जिला न्यायालय, खण्डवा में उपस्थित होकर अथवा माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर के वेबसाइट www.mphc.gov.in से प्राप्त की जा सकती हैं।

जिला रजिस्ट्रार,
सिविल कोर्ट, खण्डवा (म.प्र.)

# कार्यालयः जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पूर्व निमाड, खण्डवा (म.प्र.)

## निविदा की शर्तें

क्रमांक /चार–03–01/17 खण्डवा, दिनांक /12/2017

## जिला न्यायालय, खण्डवा के न्यायालय/विश्राम कक्षों के उपयोगार्थ वातानुकूलित संयंत्र (A.C.) क्रय करने हेतु निविदा की शर्तें

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर के ज्ञापन क्रमांक बी/6137/चार–4–8/16 जबलपुर, दिनांक 21.12.2016 में दिये गये निर्देशों के आलोक में न्यायिक सेवा के न्यायिक अधिकारियों के न्यायालय कक्ष/विश्राम कक्ष में 1.5 टन एवं 2 टन के 5 स्टार स्पिलट् वातानुकूलित संयंत्र (5 Star Spilt A.C.) मय स्टेबलाइजर, स्टैण्ड एवं अन्य आवश्यक सामग्री सहित क्रय कर संस्थापित (संस्थापन व्यय सम्मिलित) किया जाना है, जिसका विवरण निम्नानुसार हैं :–

| क्र. | स्थापना का नाम | वातानुकूलित संयंत्र (ए.सी.) का विवरण (5 Star Split A.C.) | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 1.5 टन क्षमता | 02 टन क्षमता | कुल संख्या |
| 01 | जिला न्यायालय, खण्डवा | 07 नग | 29 नग | **36 नग** |

उपरोक्तानुसार सामग्री, वातानुकूलित संयंत्र (ए.सी.) विभिन्न प्रतिष्ठित ब्राण्ड/फर्म/संस्थानों से म.प्र.भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम–2015 की कंडिका 11.2 के आलोक में विज्ञप्ति प्रकाशित होने के दिनांक से, **दिनांक 06.01.2018 के अपरान्ह 2.00 बजे** तक निर्धारित शर्तों के अधीन टू–बिड प्रणाली के तहत सीलबंद लिफाफे में (तकनीकी बिड एवं वित्तीय बिड) निविदायें आमंत्रित की जाती है।

निर्धारित शर्तें एवं निविदा फार्म का प्रारूप माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर की वेबसाईट www.mphc.gov.in से डाउनलोड कर सकते है। दिनांक 06.01.2018 तक प्राप्त समस्त निविदायें अपरान्ह 4.00 बजे जिला न्यायालय, खण्डवा की क्रय समिति के समक्ष खोली जावेगी।

### ।। निविदा की शर्तें ।।

01. खुली निविदा में सम्मिलित होने वाली फर्म/संस्थान द्वारा वाणिज्यिक कर विभाग पंजीयन होने का जीवित प्रमाण–पत्र की प्रमाणित छायाप्रति तथा आयकर रिटर्न की प्रमाणित छायाप्रति निविदा के साथ प्रस्तुत की जावेगी।
02. निविदा दिनांक 06.01.2018 को अपरान्ह 4.00 बजे खोली जावेगी, निविदाकर्ता अथवा उसका अधिकृत प्रतिनिधि उक्त दिनांक एवं समय को उपस्थित होना चाहे तो उपस्थित रह सकता है।
03. निविदा में सामग्री यथा ए.सी./स्टैबलायजर/स्टैण्ड/अन्य आवश्यक सामग्री का पृथक–पृथक मूल्य का विवरण, वस्तु एवं सेवा कर (GST) तथा संस्थापन व्यय का विस्तृत विवरण प्रति नग की दर से तथा कुल नग का सकल योग स्पष्ट रूप से अंकित किया जायेगा।
04. निविदा का प्रारूप एवं निविदा की शर्तें जिला नाजिर, नजारत अनुभाग, खण्डवा से भी कार्यालयीन दिवस/समय पर प्राप्त की जा सकती है।
05. क्रय की गयी सामग्री का परिदान एवं पूर्ण रूप से संस्थापन जिला न्यायालय, खण्डवा स्थित न्यायालय एवं विश्राम कक्षों में किया जायेगा।
06. एक से अधिक फर्म/संस्थान द्वारा प्रस्तुत की गई दरें समान होने की स्थिति में, निविदा प्रस्तुत करने वाली फर्म/संस्थान की साख/कार्य गुणवत्ता वारंटी आदि को ध्यान में रखकर सर्वोत्तम साख/कार्य गुणवत्ता वाली फर्म/ संस्थान की निविदा स्वीकार की जावेगी।
07. निविदा की शर्तें अथवा क्रय की गई सामग्री की सप्लाई आदि करने में, जिला न्यायाधीश महोदय का निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा।

08. वातानुकूलित संयंत्र संस्थापित होने के उपरांत ही बिल ग्राह्य किया जायेगा।

09. क्रय/सप्लाई/कार्य आदेश किसी भी समय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खण्डवा के द्वारा बिना कोई कारण बताये निरस्त किया जा सकता है, तथा इसके लिए किसी भी प्रकार की क्षतिपूर्ति देय नहीं होगी।

10. वातानुकूलित संयंत्र क्रय किये जाने की संख्या आवश्यकतानुसार कम या अधिक की जा सकती है।

11. निविदा प्रस्तुतकर्ता द्वारा निविदा के साथ आपूर्ति की जाने वाली सामग्री वातानुकूलित संयंत्र मय स्टे्बलाईजर, स्टैण्ड व संस्थापन व्यय का अनुमानित मूल्य अनुसार राशि रू. 30,000 (अक्षरी रू. तीस हजार) का डिमाण्ड ड्राफ्ट, जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय, खण्डवा के नाम से किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का प्रतिभूति के रूप में संलग्न कर प्रस्तुत कररना होगा, जो निविदा की अंतिम वैधता की तिथि के 45 दिन की अवधि के लिये वैध होना आवश्यक होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट के अभाव में निविदा स्वीकार नहीं किया जावेगा।

12. असफल निविदाकर्ता की प्रतिभूति को यथाशीघ्र लौटाया जावेगा।

13. संविदा का उचित निष्पादन करने के लिये सफल निविदाकर्ता से आवश्यकतानुसार निष्पादन प्रतिभूति प्राप्त की जावेगी। निष्पादन प्रतिभूति की राशि सामान्य संविदा के मूल्य के 10 प्रतिशत होगी। निष्पादन प्रतिभूति किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक का जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खण्डवा के नाम का डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में जमा की जा सकेगी।

14. निविदाकर्ता के द्वारा प्रतिभूति के रूप में जमा किये गये डिमाण्ड ड्राफ्ट की राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

15. निष्पादन प्रतिभूति वारण्टी बाध्यताओं सहित आपूर्तिकर्ता की सभी संविदाकृत बाध्यताओं को पूरा करने की तारीख के बाद 60 दिन की अवधि के लिए वैद्य होना आवश्यकता होगा।

16. क्रय आदेश जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के अंदर सामग्री की प्रदायगी व संस्थापन सुनिश्चित करना होगा अन्यथा क्रय की जाने वाली सामग्री का क्रय आदेश निरस्त किया जा सकता है जिसकी संपूर्ण जवाबदारी विक्रेता की होगी।

17. क्रय की जाने वाली सामग्री प्रदायगी उपरांत विभागीय क्रय समिति द्वारा निविदा अनुरूप, गुणवत्ता एवं निर्धारित मानक अनुसार पाये जाने का प्रतिवेदन प्राप्त होने पर देयक भुगतान की कार्यवाही की जावेगी, अन्यथा क्रय की गई सामग्री अमानक पायेग जाने पर मूलतः विक्रेता के व्यय पर वापिस की जायेगी। जिसका व्यय विक्रेता द्वारा स्वयं किया जावेगा।

18. निविदा आमंत्रण की शर्तों में विसंगति पाये जाने अथवा किसी भी विवादित स्थिति का निराकरण म.प्र.भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम–2015 के प्रावधानों के अनुसार किया जावेगा।

जिला रजिस्ट्रार
सिविल कोर्ट, खण्डवा (म.प्र.)

# निविदा आवेदन–पत्र का प्रारूप

प्रति,

श्रीमान् जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय,
पूर्व निमाड़, खण्डवा (म.प्र.)

विषय :– जिला न्यायालय स्थापना, खण्डवा द्वारा वातानुकूलित संयंत्र कय करने हेतु निविदा प्रस्तुत करने बाबत्।

संदर्भ :– कार्यालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खण्डवा की निविदा कमांक ........... दिनांक : .............................

मैं, ........................................ पिता .................................... आयु ...... वर्ष निवासी ........................................... फर्म/संस्थान ...................................... जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खण्डवा के निर्देशानुसार निविदा में दर्शित अनुसार वातानुकूलित संयंत्र (A.C.) मय स्टेबलाईजर, स्टैण्ड व संस्थापन व्यय सहित सामग्री विकय करने हेतु निम्नानुसार जानकारी प्रस्तुत करता हूँ :–

| | | |
|---|---|---|
| 01 | विकेता फर्म का पूरा नाम | |
| 02 | पत्राचार का पूरा पता | |
| 03 | स्थायी आयकर खाता क. (PAN) | |
| 04 | टिन/जी.एस.टी. कमांक | |
| 05 | दूरभाष एवं मोबाईल कमांक | |
| 06 | ई–मेल आई.डी. | |

| क. | उपकरण/ सामग्री का विवरण | क्षमता/ गुणवत्ता | निर्माता कंपनी का नाम | अधिकतम खुदरा मूल्य प्रति नग | निविदा के अंतर्गत प्रस्तावित दर प्रति नग | वस्तु एवं सेवा कर (GST) प्रति नग | कुल राशि प्रति नग (6+7) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** | **2.** | **3.** | **4.** | **5.** | **6.** | **7.** | **8.** | **9** |
| | | | | | | | | |

मैंने, निविदा की समस्त शर्ते पढ़कर समझ ली है और इन्हें मैं, स्वीकार करता हूँ। मैं, निविदा की शर्तो के अंतर्गत प्रदाय की जाने वाली सामग्री वातानुकूलित संयंत्र मय स्टेबलाईजर, स्टैण्ड एवं संस्थापन व्यय के संबंध में प्रतिभूति (Earnestmoney Deposit) का डिमाण्ड ड्राफ्ट कमांक ....... दिनांक ....................बैंक का नाम ........... राशि रू.. ........ जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खण्डवा के नाम का संलग्न कर रहा हूँ ।

स्थान :
दिनांक :

निविदा प्रस्तुतकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील
पूरा नाम
पता

## || तकनीकी बिड का प्रारूप ||

| कमांक | सामग्री | संख्या | तकनीकी विवरण |
|---|---|---|---|
| 01 | स्पिलट् वातानुकूलित संयंत्र (5 Star Spilt A.C.) 1.5 टन क्षमता का मय स्टेबलाईजर, स्टैण्ड एवं अन्य आवश्यक उपकरण मय संस्थान व्यय सहित । | 07 नग | |
| 02 | स्पिलट् वातानुकूलित संयंत्र (5 Star Spilt A.C.) 2.0 टन क्षमता का मय स्टेबलाईजर, स्टैण्ड एवं अन्य आवश्यक उपकरण मय संस्थान व्यय सहित । | 29 नग | |

## || वित्तीय बिड का प्रारूप ||

निविदाकर्ता फर्म/संस्थान का नाम :-

वातानुकूलित संयंत्र (Spilt A.C.) की कम्पनी का एवं मॉडल :-

| कमांक | सामग्री | संख्या | प्रतिनग दर | टैक्स का विवरण | कुल मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | स्पिलट् वातानुकूलित संयंत्र (5 Star Spilt A.C.) 1.5 टन क्षमता का मय स्टेबलाईजर, स्टैण्ड एवं अन्य आवश्यक उपकरण मय संस्थान व्यय सहित । | 07 नग | | | |
| 02 | स्पिलट् वातानुकूलित संयंत्र (5 Star Spilt A.C.) 2.0 टन क्षमता का मय स्टेबलाईजर, स्टैण्ड एवं अन्य आवश्यक उपकरण मय संस्थान व्यय सहित । | 29 नग | | | |
| | **कुल योग** | 36 नग | | | |

बिड का कुल मूल्य अंकों में रू. ..........................................................................................

बिड का कुल मूल्य शब्दों में रू. ..........................................................................................

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर एवं सील ..........................................................................................

निविदाकर्ता का नाम एवं सम्पूर्ण पता ..........................................................................................